नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 146/2021
Dt-12-4-2021

प्रबंध निदेशक,
राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC),
नई दिल्ली।

विषयः— **बिहार के मधुबनी जिला को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) के द्वारा किसान उत्पादक संगठन (FPO) के लिए अधिसूचित जिलों में शामिल करने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिला में मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर के किसानों से विमर्श के बाद यह बात सामने आयी कि मधुबनी जिला को किसान उत्पादक संगठन (FPO) में शामिल कराते हुये प्रखंड स्तर पर FPO का गठन किया जाय तो किसानों के कृषि का समुचित संरक्षण एवं आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। बिहार के मधुबनी जिला में मखाना, सब्जी, मक्का, दलहन, तेलहन आदि की खेती प्रमुख रूप से की जाती है। इस क्षेत्र के अधिकांश किसान लघु एवं सीमांत है इनके द्वारा छोटे–छोटे स्तर से इन फसलों की उपज की जाती है।

परम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वप्न को साकार करते हुये किसान उत्पादक संगठन (FPO) का यदि गठन होता है, तो यहाँ के किसानों की कृषि लागत कम होगी, खेती हेतु आवश्यक सामग्री की उपलब्धता आसान होगी, कृषि उत्पादक का प्रसंस्करण भंडारण एवं विपणन की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी। बढ़ती आबादी के कारण जोत कम होते गये तथा कृषि उत्पादों को सीधे बाजार में जाने के बजाय प्रसंस्करण कर भेजने से किसानों को ज्यादा लाभ होगा।

अतः अनुरोध है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) के द्वारा FPO के लिए अधिसूचित जिलों में मधुबनी जिला को शामिल करने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 12.4.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in